बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल
॥ श्री हरिः ॥
# सन्मार्ग
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
बुध वार
बंगाल
21 फरवरी, 2018
फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी 6, विक्रम संवत् 2074
वर्ष 72, अंक 316, पूर्णांक 25072
मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 16
www.sanmarg.in



**सत्संग समिति के महाधिवेशन की तैयारी अंतिम चरण में**
कुल्टी : अखिल भारतीय संतमत सत्संग समिति की ओर से आगामी 24 फरवरी से बराकर नदी किनारे 3 दिवसीय महाधिवेशन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में संतों के अलावा हिन्दू धर्मविद् शामिल होंगे।

कुल्टी पुरुलिया ॥ बीरभूम बांकुड़ा



**मिड डे मिल खाकर अस्वस्थ :** मिड डे मिल के खाने में सांप की केंचुल जैसी वस्तु के मिलने के बाद अस्वस्थ्य बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची उनकी मां

# डीपीएस आसनसोल में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**आसनसोल :** गत दिनों दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में बहुप्रतीक्षित मानाभिषेक (इन्वेस्टिचर) समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सत्र 2016-17 के दौरान अथक परिश्रम और लगन के द्वारा शैक्षिणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट व स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय में उपस्थित प्रत्येक छात्र को जागरूक करने के उद्देश्य से वर्षभर शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्रों को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।



आसनसोल में डीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा

इस अवसर पर पुरस्कृत होने वाले छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। लगभग 200 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने प्रतिभाशाली छात्रों को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पुरस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं तथा भविष्य में इसी प्रकार उपलब्धियां प्राप्त करने की प्रेरणा दी। पुरस्कार से वंचित छात्रों को भी हतोत्साहित होने की अपेक्षा इससे नयी सीख लेकर आगामी वर्षों में इस कड़ी का हिस्सा बनने हेतु प्रोत्साहित किया। समारोह में अभिभावकों, अध्यापकों तथा छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ शिरकत की।